संख्या–cm-20
08/01/2020

# मुख्यमंत्री ने परम पावन दलाई लामा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया

- बिहार में चल रहे जल–जीवन–हरियाली अभियान की परम पावन दलाई लामा ने की प्रशंसा

पटना, 08 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बोधगया में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। लगभग आधे घंटे तक मुख्यमंत्री ने परम पावन दलाई लामा से बातचीत की और पर्यावरण संकट को लेकर बिहार में चलाये जा रहे जल–जीवन–हरियाली अभियान के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि गया और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को दूर करने की दिशा में भी कदम उठाये जा रहे हैं और गंगा का पानी गया तक पहुँचाने की भी योजना पर काम चल रहा है।

पर्यावरण संकट को लेकर मुख्यमंत्री के प्रयासों पर परम पावन दलाई लामा ने प्रसन्नता व्यक्त की। परम पावन दलाई लामा ने कहा कि पर्यावरण की बेहतरी के लिये यह महती प्रयास है। इससे पूरी दुनिया को एक बड़ा संदेश जायेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परम पावन दलाई लामा को प्रतीक चिह्न के रूप में भगवान बुद्ध की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री ने गया से संबंधित एक कॉफी टेबुल बुक भी परम पावन दलाई लामा को भेंट की। परम पावन दलाई लामा ने मुख्यमंत्री को खादा पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मगध प्रक्षेत्र के आई0जी0, जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******